राजस्थान के झालावाड़ जिले में जे०के० फैक्ट्री से उत्पन्न प्रदूषण

1510. **डा० अबरार अहमद खान :** क्या पर्यावरण और वन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार को यह जानकारी है कि राजस्थान के झालावाड़ जिले में जे० के० फैक्ट्री से स्थानीय पर्यावरण पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है जिसके कारण कुछ महीनों में कुछ बच्चे तथा भैंसे मौत का शिकार हो गई ; यदि हां तो उक्त फैक्ट्री को बंद न किये जाने के क्या कारण हैं और उसके विरुद्ध क्या कार्यवाही की गई है ;

(ख) क्या सरकार को यह जानकारी भी है कि फैक्ट्री द्वारा विषैली गैसों और तरल पदार्थों के भंडारण हेतु पहाड़ी पर निर्मित टैंक के ठीक नीचे लोगों तथा पशुओं के लिए जल की पूर्ति करने के वास्ते जलाशय बना हुआ है जिसमें रिसाव से जलाशय के पेयजल के विषैला होने की सम्भावना है ; और

(ग) यदि हां, तो सरकार इस क्षेत्र में प्रदूषण को रोकने के लिए क्या कार्यवाही कर रही है ?

पर्यावरण और वन मंत्री (श्री नीलमणि राउतराय) : (क) राजस्थान के झालावाड़ जिले में स्थित जे०के० फैक्ट्री ने अपेक्षित पर्यावरण नियंत्रण उपायों की व्यवस्था कर ली है इस संयंत्र से हुई क्षति के बारे में कोई रिपोर्ट प्राप्त नहीं हुई है ।

(ख) रसायनों का भंडारण फैक्ट्री के परिसर में किया जाता है और किसी किस्म के संभावित रिसाव को रोकने के लिए भण्डारण क्षेत्र के चारों तरफ एक अवरोध दीवार बनाई गई है।

(ग) राज्य सरकार से पेय जल के प्रदूषण के निवारण के लिए एहतियाती उपायों को जांच करने को कहा गया है ।

राजस्थान के मोड़क में सीमेंट फैक्ट्री से उत्पन्न प्रदूषण

1511. **डा० अबरार अहमद खान :** क्या पर्यावरण और वन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि राजस्थान के कोटा जिले में मोड़क स्थित सीमेंट फैक्ट्री के आसपास के क्षेत्रों के गावों में प्रदूषण फैल रहा है और जिसके कारण किसान तपेदिक जैसी भयानक बीमारी से ग्रस्त हो रहे हैं और फैक्ट्री द्वारा छोड़ा जाने वाली धूल से 35 गावों के व्यक्तियों का जीवन खतरे में पड़ गया है तथा फसलें और अफीम की खेती बेकार हो गयी है ;

(ख) यदि हां, तो क्या सरकार मामले में जांच करने का विचार रखती है ;

(ग) क्या इस फैक्ट्री को अब तक कोई नोटिस भेजा गया है और अपने आसपास के क्षेत्र में प्रदूषण फैलाने के लिए इसके विरुद्ध अन्य कोई कार्यवाही की गयी है ; और

(घ) उन अधिकारियों के विरुद्ध क्या कार्रवाई की गई है जिन्हें इस घटना के बारे में अपेक्षित सूचना देने और किसानों को प्रदूषण से बचाने की जिम्मेदारी सौंपी गई थी, और फैक्ट्री प्रबंधकों के विरुद्ध कोई कार्यवाही न करने के लिए जिम्मेदार अधिकारियों के विरुद्ध क्या कार्यवाही की गई है ?

पर्यावरण और वन मंत्री (श्री नीलमणि राउतराय) : (क) और (ख) राजस्थान के कोटा जिले में मोड़क स्थित मैसर्स मंगलम सीमेंट फैक्ट्री ने पर्याप्त प्रदूषण नियंत्रण उपकरण लगा लिये हैं । इसके होने वाले उत्सर्जन राजस्थान प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा निर्धारित मानकों के भीतर हैं । इस यूनिट के कारण हुई क्षति के बारे में कोई रिपोर्ट प्राप्त नहीं हुई है ।

(ग) जी, नहीं ।

(घ) प्रश्न ही नहीं उठता ।